# Science Notes by Anil Dhakad
## Part I







Study Tide

# *Vistar IAS*

*9174931044*

# Biology (जीव विज्ञान)

(1)Zoology (प्राणी विज्ञान) (2) Botany (वनस्पति विज्ञान)

Bio= Life (जीवन)

+

logy(logus)=Study (अध्ययन)

- Biology : यह विज्ञान की वह शाखा है जिसके अंतगर्त जीवधारियों का अध्ययन किया जाता है। जीव विज्ञान शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम लैमार्क एवं गिवेरिनस (1801) ने किया था।
- जीव विज्ञान एवं प्राणीविज्ञान का जनक अरस्तू को कहा जाता है क्योंकि उन्होंने ही सर्वप्रथम पौधों एवं जन्तुओं के जीवन के विभिन्न पक्षों के विषय में अपने विचार प्रकट किए थे।
- वनस्पति विज्ञान का जनक थियोफ्रेस्टस को कहा जाता है।

## जीव विज्ञान की विषेष शाखाएँ

1. Apiculture → Honey bee – Apis mellifera
   मधुमक्खी पालन के अध्ययन को Apiculture कहा जाता है।
2. Sericulture → रेषम कीट पालन को Sericulture कहा जाता है।
3. Pisciculture → मत्यस्य पालन के अध्ययन को Pisciculture कहा जाता है।
4. Mycology → कवकों के अध्ययन को Mycology कहा जाता है।
5. Phycology → शैवालों के अध्ययन को Phycology कहा जाता है।
6. Pomology → फलों का अध्ययन।
7. Ornithology→ पक्षियों का अध्ययन।
   Note – Salim Ali को भारत में पक्षियों के जनक (father of Ornithology) के नाम से जाना जाता है।
8. Ichthyology→ मछलियों का अध्ययन
9. Entomology → कीटों का अध्ययन
10. Ophiology → सर्पो का (snakes) अध्ययन
11. Anatomy → जन्तुओं के विभिन्न अंगों की आंतरिक रचना का अध्ययन किया जाता है।

12. Cytology → कोषिका तथा इसके अंगों की संरचना का अध्ययन इस शाखा के अंतर्गत किया जाता है।
13. Ecology → पर्यावरण का पादपों एवं जन्तुओं पर और उनका पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ता है यह अध्ययन Ecology (पारिस्थितिकी) कहलाता है।
14. Embryology → इसके अंतर्गत पादपों एवं जन्तुओं में भ्रूण विकास से संबंधित अंगों, उनकी रचना और कार्य का अध्ययन किया जाता है।
15. Genetics → (आनुवांषिकी) के सिद्धान्तों एवं पौधों एवं जन्तुओं की उत्पत्ति संबंधित अध्ययन को आनुवांषिकी कहा जाता है।
16. Paleontology → (जीवाष्म विज्ञान) इसमें पादपों एवं जन्तुओं के जीवाष्मों का अध्ययन किया जाता है।
17. Taxonomy (वर्गीकरण ) → इसके अंतर्गत विभिन्न पादपों एवं जन्तुओं की पहचान, उनका नामांकरण करना और फिर उनकी विषिष्टता के आधार पर उन्हें उचित वर्ग में शामिल करना सम्मिलित है।
18. Histology → (औतिकी) इसके अंतर्गत पादपों एवं जंतुओं के विभिन्न प्रकार के ऊतकोंका अध्ययन किया (ऊतक विज्ञान) जाता है।
19. Endocrinology(अंतः स्त्राविकी) →यह प्राणी विज्ञान की वह शाखा है जिसमें हार्मोन्स (Hormones)के स्त्रवण(Secretion), प्रकृति (Nature)और प्रभाव आदि के बारे में अध्ययन किया जाता है।
20. Parasitology(परजीवी विज्ञान) → प्राणी विज्ञान की वह शाखा है जिसके अंतर्गत परजीवियों के संरचनाओं तथा जीवन क्रियाओं का अध्ययन किया जाता है।
21. Ethology→इसके अंतर्गत प्राणियों के व्यवहार का अध्ययन किया जाता है। विशेषकर प्राकृतिक परिस्थितियों में प्राणियों का नैसर्गिक या सहज व्यवहार।
22. Herpetology → यह प्राणी विज्ञान की वह शाखा जिसमें Reptiles या सरीसृपों तथा उभयचरों (Amphibian) की संरचना, स्वभाव और वर्गीकरण आदि का अध्ययन किया जाता है।
23. Limnology→नदी, सरोवर आदि स्थिर मीठे पानी में पाए जाने वाले प्राणियों के अध्ययन से संबंधित को सरोविज्ञान कहा जाता है।

24. Bacteriology (जीवाणु विज्ञान) →यह सूक्ष्म विज्ञान की वह शाखा जिसमें जीवाणुओं की संरचना, उनके प्रकार वर्गीकरण, कार्यविधि तथा उनका अन्य जीवों पर प्रभाव आदि विषयों का अध्ययन किया जाता है।

25. Virology(विषाणु विज्ञान) →यह सूक्ष्म विज्ञान की वह शाखा है जिसके अंतर्गत विषाणुओं के बारे में अध्यन किया जाता है।

26. Agronomy(शस्य विज्ञान) → खेतों में उगाई जाने वाली फसलों की अपनी विशेष आवश्यकताएं होती हैं, कौन सी फसल (Agriculture) के लिए किस प्रकार की मिट्टी, पानी, तापमान, उर्वरक आदि चाहिए ताकि पैदावार अच्छी हो, इस विज्ञान के तहत यह अध्ययन किया जाता है

27. Nematology → Nematodes कुछ गोल, पतले,बेलनाकार (Cylindrical) या धागे जैसे कृमियों का एक वर्ग है जिसमें से कुछ सदस्य मिट्टी या पानी में परजीवी होते हैं, इस कारण फसलों में कई प्रकार के रोग उत्पन्न करते हैं, इनका अध्ययन Nematology के अंतर्गत किया जाता है।

28. Hydrology(जल विज्ञान) →विज्ञान की शाखा के अंतर्गत भूमि जल के बारे में अध्ययन किया जाता है कि वह फसलों के लिए उपयोगी है अथवा नहीं क्योंकि कभी–कभी भूमि जल में कुछ रसायनों के मिले होने से वह उपयोग लायक नहीं रहता है और फसलों को नुकसान हो सकता है।

29. Microbiology(सूक्ष्म जीव विज्ञान) → इस शाखा के अंतर्गत उन सूक्ष्म जीवों का अध्ययन किया जाता है जिन्हें सिर्फ माइक्रोस्कोप की सहायता से देखा जा सकता है।

30. Horticulture(उदयान विज्ञान) → इसमें उद्यानों से संबंधित अध्ययन किया जाता है।

31. Pedology/Edaphology(मृदा विज्ञान) → मिट्टी के बारे में अध्ययन इस विज्ञान की शाखा के अंतर्गत किया जाता है, यह फसलों के लिए आवश्यक है क्योंकि अलग–अलग प्रकार की फसलों के लिए अलग– अलग प्रकार की मिट्टी की आवश्यकता होती है।

Note – मृदा के बनने की प्रक्रिया को Pedogenesis कहते हैं।

32. Silviculture(वन वृक्ष विज्ञान) →वनों में प्राकृतिक रूप से उगने वाले अथवा लगाए जाने वाले वृक्षों के बारे में विस्तृत अध्ययन इसके अंतर्गत किया जाता है।

33. Floriculture (पुष्प विज्ञान) →फूलों वाले पौधे तथा उनकी मिट्टी, पानी, खाद आदि की आवश्यकताओं के बारे में अध्यन किया जाता है।

34. Laryngology→ (vocal cord) स्वर रज्जु के बारे में अध्यन किया जाता है।

Study Tide
विस्तार
The Expansion

35. Psychiatry→इसके अंतर्गत मस्तिष्क संबंधी विकारों का अध्ययन किया जाता है।

36. Taxidermatology(चर्म प्रसादन विज्ञान) →इसके अंतर्गत चर्म, इनके रोग, संरचना और उपयोग के बारे में अध्ययन किया जाता है

37. veterinary science→(पशु चिकित्सा विज्ञान)

## ❖ Binomial Nomenclature (द्विनामंकरण पद्धति)

- Carolus Linneaus (1753) -वर्गीकरण के जनक
- सन् 1753 में कैरोलस लीनियस नेद्विनामकरण पद्धति को प्रचलित किया। इसमें पहला शब्द वंश (Genus) और दूसरा शब्द Species (जाति) से मिलकर बनता है।

उदाहरण– मनुष्य का–Homo sapiens

Note – Carolus Linneaus को वर्गीकरण का जन्मदाता कहा जाता है।

| General Name | Scientific Name |
|---|---|
| *(I) Frog* | *Rana tigrina* |
| *(II) Cat* | *Felis domestica* |
| *(III) Dog* | *Canis familiaris* |
| *(IV) Cow* | *Bos indicus* |
| *(V) Honeey bee* | *Apis mellifera* |
| *(VI) House fly* | *Musca domestica* |
| *(VII) Mango* | *Mangifera indica* |
| *(VIII) Rice* | *Oryza sativa* |
| *(IX) Wheat* | *Triticum aestivum* |
| *(X) Pea* | *Pisum sativum* |
| *(XI) Gram (चना)* | *Cicer arietinum* |
| *(XII) Mustard (सरसों)* | *Brassica campestris* |
| *(XIII) Opium* | *Papaver sominiferum* |

Study Tide

# जीवधारियों का वर्गीकरण

# Classification of animals

- सर्वप्रथम अरस्तु द्वारा समस्त जीवों को दो समूहों में विभाजित किया गया –

  1. Animalia (जंतु समूह)
  2. Plentae(वनस्पति या पादप समूह)

- इसके बाद Carollous Linneaus ने अपनी पुस्तक Systema Naturae में संपूर्ण जीवधारियों को दो जगतों में विभक्त किया–

(i) Plantae kingdom (पादप जगत)

(ii) Animalia Kingdom(जंतु जगत)

Note→ Carolus Linneaus को आधुनिक वर्गीकरण का जनक भी कहा जाता है।

जीव धारियों का 5 जगत में वर्गीकरण →परम्परागत द्विजगत वर्गीकरण का स्थान अन्ततः whittaker द्वारा 1969 में 5 जगत **प्रणाली ने** ले लिया।

(i) Monera →इस जगत में सभी Procaryotic जीव अर्थात् जीवाणु आदि सम्मिलित किए जाते हैं।

(ii) Protista →इस जगत में एक कोशिकीय, जलीय एवं eukaryotic जीव सम्मिलित किए जाते हैं। इस जगत के जीव तीन प्रकार के हो सकते हैं।

(a) स्वपोषित (Autotropic)→जो अपना आहार स्वयं बनाते हैं

(b) परजीवी (Parasitic)→इस समूह के जीव अपने आहार के लिए दूसरे जीवों पर आश्रित रहते हैं।

(c) मृतजीवी (Saprophytic)→यह जीव अधिकतर अपना आहार मृत जीवों से ग्रहण करते हैं।

(iii) Fungi (कवक)→इस जगत में यूकैर्योटिक एवं परपोषित जीव सम्मिलित किए जाते हैं जिनमें अवशोषण द्वारा पोषण होता है।

(iv) Plantae (पादप जगत)→ इस जगत में सभी बहुकोषकीय प्रकाश संश्लेषी पादप सम्मिलित किए जाते हैं।

(v) Animalia Kingdom (जंतु जगत)→ जीव सम्मिलित किए जाते हैं। उदाहरण : जैलीफिश, सरीसृप, सितारा मछली ।

Study Tide
विस्तार
The Expansion

# Blood (रक्त / रूधिर)

- रक्त एक तरल संयोजी उत्तक है इसकी मानव शरीर में मात्रा शरीर **के वजन** लगभग 7-9% (5–6 लीटर) होती है। तथा इसका pH मान 7.36 होता है
- रक्त में दो प्रकार के पदार्थ पाए जाते हैं–

(I) प्लाज्मा (Plasma) (II)रक्त कणिकाए (Blood Corpuscles)




## प्लाज्मा (Plasma)

- यह रक्त का अजीवित तरल भाग होता है। रक्त का लगभग 60% भाग प्लाज्मा होता है।
- प्लाज्मा = 90% water, 7% प्रोटीन्स, 0.9% लवण (salt), 0.1% ग्लूकोज + शेष पदार्थ।

Note → (i) प्लाज्मा का कार्य पचे हुए भोजन एवं हार्मोन का शरीर में संवहन करना होता है।

(ii) Serum - जब प्लाज्मा में से प्रोटीन्स (Proteins) को हटा दिया जाए तो **शेष बचे हुऐ प्लाज्मा को** Serum को कहा जाता है

# रक्त कणिकाएं (Blood Corpuscles)

(i) RBC –Red Blood Corpuscles (लाल रक्त कणिकाएं)
(ii) WBC –White Blood Corpuscles (श्वेत रक्त कणिकाएं)
(iii) Platlets (रक्त सिम्बाणु)

## RBC (Red Blood Corpuscles)

- स्तनधारियों की लाल रक्त कणिकाएं उभयावंतल (BiConcave) आकार के होते हैं तथा इनमें केंद्रक नहीं होते हैं केंद्रक ना होने का कारण हीमोग्लोबिन के लिए पर्याप्त जगह बनाना है।

Note →ऊँट एवं लामा नामक स्तनधारी की RBC में केंद्रक पाया जाता है।



- लाल रक्त कणिकाओं का निर्माण अस्थि मज्जा (Bone marrow) में होता है। तथा इसके लिए आयरन, विटामिन $B_{12}$(cynocobalamine) एवं फोलिक एसिड , RBC के निर्माण में सहायक होते हैं।



Note →भ्रूण अवस्था में इसका निर्माण यकृत एवं प्लीहा में होता है।

- RBC का जीवनकाल 120 दिन तक होता है।(Laboratory and blood bank में 60 दिन तक होता है।)
- इनका लाल रंग हीमोग्लोबिन की उपस्थिति के कारण होता है। लाल रक्त कणिकाओं की मृत्यु यकृत में होती है इसलिए यकृत को RBC की कब्र कहा जाता है।
- RBC में हीमोग्लोबिन होता है जिसमें हीम नामक रंजक होता है जिसके कारण रक्त का रंग लाल होता है ग्लोबिन एक लौह युक्त प्रोटीन है जो ऑक्सीजन एवं कार्बन डाइऑक्साइड से संयोग करने की क्षमता रखती है।

- हीमोग्लोबिन की मात्रा कम होने पर **रक्त हीनता / ऐनीमिया (Anaemia)** रोग हो जाता है।
- औसत RBC की संख्या 5-5.5 million /$mm^3$ (100 ml Blood) होती है।
- लाल रक्त कणिकाओं की संख्या मैदानी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की अपेक्षा पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के रक्त में ज्यादा होती है।
- लाल रक्त कणिकाओं की संख्या को हीमोसाइटोमीटर (Haemocytometer) से ज्ञात किया जाता है।
- Haemoglobin: Male 14.5-16.5 gm/100 ml of blood
  Female 12.5-14.5 gm / 100 ml of blood



# WBC (white blood Corpuscles)

- श्वेत रक्त कणिकाएं अमीबा के आकार की होती हैं अर्थात् इनका कोई निश्चित आकार नहीं होता है
- WBC में केंद्रक उपस्थित रहता है।
- इनका निर्माण अस्थिमज्जा एवं लिम्फनोड्स में होता है एवं इनका जीवनकाल 3–10 दिन तक हो सकता है इनका मुख्य कार्य शरीर को रोगों के संक्रमण से बचाना है इसलिए इन्हें **शरीर का सिपाही** भी कहा जाता है।
- WBC को प्रतिरक्षा तंत्र का हिस्सा माना जाता है एवं उनकी औसत संख्या 8000 से लेकर 12000/$mm^3$(100ml) होती है।
- श्वेत रक्त कणिकाओं में वृद्धि **श्वेताणु वृद्धि (Leucocylotis)** एवं उनकी संख्या का कम होना **श्वेताणुह्रास (Leucopenia)** कहलाती है।
- शरीर की वह स्थिति जिसमें श्वेत रक्त कणिकाओं का बनना कम अथवा बंद हो जाता है उस स्थिति को **ल्यूकिमिया (Blood cancer)** कहते हैं।
- श्वेत रक्त कणिकाएं पांच प्रकार की होती हैं।

(i) Eosinophil
(ii) Basophil
(iii) Neutrophil (60-70%)(Maximum part of WBC)
(iv) Monocyte
(v) Lymphocyete




- Neutrophils कणिकाएं रोगाणुओं तथा जीवाणुओं का भक्षण करती हैं एवं घाव को भरने में सहायता करती हैं।
- RBC और WBCका अनुपात **600:1** होता है

Study Tide
विस्तार The Expansion

# Platlets / Thromobocytes (रक्त बिम्बाणु)

- इनका जीवन काल 7–9 दिन तक होता है।
- केन्द्रक अनुपस्थित होता है।
- औसत संख्या 1-1.5 लाख/$mm^3$होती है।
- इसका मुख्य कार्य रक्त का थक्का बनने में मदद करना है।
- डेंगू ज्वर के कारण रक्त बिम्बाणुओं की संख्या कम हो जाती है।

# रक्त के कार्य (Functions of Blood)

- ऊतकों अथवा अंगों को आक्सीजन पहुंचाना।
- पोषक तत्वों (ग्लूकोज, अमीनो अम्ल, वसा, प्रोटीन, लिपिड आदि) को अंगों तक पहुंचाना।
- उत्सर्जी पदार्थो(यूरिया, कार्बन डाइऑक्साइड ) को शरीर से बाहर निकालना।
- शरीर का बीमारियों से रक्षण करना।
- शरीर का pH मान नियंत्रण करना।
- शरीर के तापमान को नियंत्रण करना।
- शरीर के एक अंग से दूसरे अंग तक जल का वितरण करना।

# रक्त का थक्का बनना (Blood Clotting)

(i) थ्राम्बोप्लास्टिन + प्रोथ्रोम्बिन →थ्रोम्बिन

(ii) थ्रोम्बिन + फाइब्रोनोजन →फाइब्रिन

(iii) फाइब्रिन + बिम्बाणु →रक्त का थक्का

- रक्त प्रोथ्रोम्बिन तथा फाइब्रोनोजन का निर्माण विटामिन k की सहायता से यकृत में होता है।
- हेपरिन ***Heparin-Protein*** रक्त का थक्का बनने से रोकता है जिसका निर्माण यकृत में होता है

विस्तार Study Tide The Expansion




# Blood Group(रक्त समूह)

- रक्त समूह की खोज कार्ल लैंडस्टीनर (Carl Landsteiner) ने की थी ।
- मनुष्य के रक्तों की भिन्नता का मुख्य कारण लाल रक्त कणिकाओं पर पाई जाने वाली ग्लाइको प्रोटीन है जिसे हम एंटीजन या प्रतिजन (Antigen) कहते हैं जो दो प्रकार के होते हैं।

  (i) एंटीजन A

  (ii) एंटीजन B

- इनकी उपस्थिति के आधार पर मनुष्य में 4 प्रकार के रक्त समूह होते है।

| रक्त समूह | प्रतिजन | एंटीबॉडी |
|---|---|---|
| A | A | B |
| B | B | A |
| AB | A and B both | Both antibody absent |
| O | Both Antigen absent | AB |

# रक्त आधान (Blood Transfusion)

- एंटीजन A एवं एंटीबॉडी A तथा एंटीजन Bएवं एंटीबॉडी Bएक साथ नहीं रह सकते हैं ऐसा होने पर यह आपस में मिलकर अत्यधिक चिपचिपे हो जाते हैं जिससे हमारे शरीर के अंदर रक्त का थक्का बन जाता है जिसके कारण व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है।
- शरीर के अंदर रक्त के थक्के बनाने को अभिष्लेषण (Embolism) कहते हैं अतः रक्त आधान में एंटीजन एंटीबॉडी का ऐसा तालमेल रखना पड़ता है जिससे रक्त का अभिष्लेषण ना हो सके।

Study Tide
The Expansion

## RELATIONSHIPS BETWEEN BLOOD TYPES AND ANTIBODIES

| Blood Type | Antigens on Red Blood Cell | Can Donate Blood To | Antibodies in Cerum | Can Recieve Blood From |
|---|---|---|---|---|
| A | A | A, AB | Anti-B | A, O |
| B | B | B, AB | Anti-A | B, O |
| AB | A and B | AB | None | AB, O |
| O | None | A, B, AB, O | Anti-A and Anti-B | O |

## RED BLOOD CELL COMPATIBILITY TABLE

| Recipient | Donor | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | O- | O+ | A- | A+ | B- | B+ | AB- | AB+ |
| O- | ✓ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ |
| O+ | ✓ | ✓ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ |
| A- | ✓ | ✗ | ✓ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ |
| A+ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ |
| B- | ✓ | ✗ | ✗ | ✗ | ✓ | ✗ | ✗ | ✗ |
| B+ | ✓ | ✓ | ✗ | ✗ | ✓ | ✓ | ✗ | ✗ |
| AB- | ✓ | ✗ | ✓ | ✗ | ✓ | ✗ | ✓ | ✗ |
| AB+ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |

Study Tide

- रक्त समूह O को सर्वदाता कहते हैं क्योंकि इसमें कोई एंटीजन नहीं होता है, एवं रक्त समूह AB को सर्वग्रहता कहते हैं क्योंकि इसमें कोई एंटीबॉडी नहीं होती है।
- Rh फैक्टर की खोज : **लैण्डस्टीनर और वीनर (Landsteiner and Weiner)** ने रुधिर या रक्त में एक अन्य प्रकार के एंटीजन का पता लगाया जिस Rh एंटीजन कहते हैं क्योंकि इस तत्व का पता इन्होंने Rhesus (Rh) Monkey में लगाया।

- जिन व्यक्तियों के रक्त में यह तत्व पाया जाता है उन्हें **$Rh^{+}$** कहा जाता है एवं जिन व्यक्तियों के रक्त में यह तत्व नहीं पाया है। उन्हें **$Rh^{-}$** कहते है।

| माता पिता का रक्त समूह | संभावित | असंभावित |
|---|---|---|
| O×O | O | A,B,AB |
| O×A | O,A | B,AB, |
| O×B | O,B | A,AB |
| O×AB | A,B | O,AB |
| A×A | A,O | B,AB |
| A×B | O,A,B,AB | NONE |
| A×AB | A,B,AB | O |
| B×B | B,O | A,AB |
| B×AB | A,B,AB | O |
| AB×AB | A,B,AB | O |

- **Eryhroblastosis Foetalis:**→यदि पिता का रक्त समूह $Rh^{+VE}$ एवं माता का रक्त समूह $Rh^{-ve}$हो तो जन्म लेने वाले शिशु की जन्म से पहले गर्भावस्था में अथवा जन्म के तुरंत बाद मृत्यु हो जाती है ऐसा दूसरी संतान के जन्म होने पर होता है क्योंकि इस स्थिति में (पिता$Rh^{+VE}$तथा माता $Rh^{-ve}$ ) पहली संतान के समय माता के शरीर में Rh एंटीबॉडी बन जाती हैं।




Study Tide

- **Haemophilia (अनुवांशिक रोग):**→रक्त को थक्का बनने में सामान्य समय 15 सेकंड ( अधिकतम 1–2 मिनिट) का समय लगता है लेकिन इस बीमारी में रक्त का थक्का बनने में 15 मिनट या इससे ज्यादा समय लगता है जिसके कारण अत्यधिक खून बहने से व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है।
- ये बीमारी एंटी हीमोफिलिक तत्व की कमी के कारण होती है

- **Jaundice (पीलिया)**→रक्त में पित्तरंजक (Billirubin) नामक एक रंग होता है जिसका शरीर में स्तर बढ़ने से त्वचा का रंग पीला हो जाता है। इस दशा को पीलिया (Jaundice) या कामला कहते हैं।
- इसका शरीर में सामान्य स्तर **0.3-1.9 mg/dl (100 ml)** होता है




Study Tide

- **पीलिया होने के कारण→**
- मलेरिया या किसी अन्य बीमारी के दौरान लाल रक्त कणिकाओं (RBC) के नष्ट होने की दर बढ़ जाती है जिसके कारण शरीर में Billirubin (पित्तरंजक) की मात्रा बढ़ जाती है।
- यकृत के कार्य करने की क्षमता यदि कम हो जाए तो भी शरीर में पित्तरंजक की मात्रा बढ़ जाती है।

# जन्तु ऊतक (Animal Tissue)

- जंतुओं के शरीर में पाए जाने वाले ऊतकों को को चार प्रकार में बांट सकते हैं –

1. उपकला ऊतक (Epithelial tissue)
2. संयोजी ऊतक (Connective tissue)
3. पेशीय ऊतक (Muscle tissue)
4. तंत्रिका ऊतक (Nervous tissue)

1. उपकला ऊतक (Epithelial tissue)→यह ऊतक जंतु की बाहरी, भीतरी या स्वतंत्र जगहों पर पाए जाते हैं। यह शरीर के कई महत्वपूर्ण अंगों में पाया है।

   जैसे – त्वचा की बाहरी सतह, हृदय, फेफड़े, वृक्क,यकृत एवं जनन ग्रंथियों की भीतरी सतह आदि।

2. संयोजी उत्तक (Connective tissue)→यह ऊतक शरीर के सभी अन्य ऊतकों तथा अंगों को आपस में जोड़ने का कार्य करता हैं ।

- तरल संयोजी ऊतक (रक्त) संवहन के कार्य में भी सहायक होता है तथा यह शरीर के तापमान को नियंत्रित करता है।

संयोजी ऊतक दो प्रकार के होते हैं।

(a). Tendon→ (MTB) Muscle to Bone

(b). Ligament → (BLB) Bone to Bone

3. पेशीय ऊतक (Muscle tissue)→इसे संकुचनशील या Contractile tissue कहते हैं। शरीर की सभी पेशियां इसी ऊतक से मिलकर बनी होती है।

इसके प्रकार निम्न है

1. अरेरखीय (Unstriped) →यह पेशी ऊतक उन अंगों की दीवार पर पाया जाता है जो अनैच्छिक रूप से कार्य करते हैं।

   जैसे : आहार नली, रक्त वाहिनी

2. रेखीय (striped) →ये पेशियां शरीर के उन भागों में पाई जाती हैं जो इच्छा अनुसार कार्य करती हैं।

   उदाहरण: आँखों की पलकें, जीभ।

- **प्राय:** इन पेषियों के एक या दोनों सिरे रूपान्तरित होकर Tendon के रूप में अस्थियों से जुड़े होते है।

3. हृदयक पेषी (Cardiac Muscle) →ये पेशियां केवल हृदय की दीवारों में पाई जाती हैं। हृदय की गति इन्हीं पेशियों के कारण होती हैं जो बिना रुके पूरे जीवन भर कार्य करती हैं।

Note : **जीभ** (Tongue) **मानव शरीर की एक मात्र ऐसी पेशीय है जो एक सिरे पर जुडी हुई होती है तथा दूसरे सिरे पर जुडी नहीं होती** है।

4. तंत्रिका ऊतक (Nervous tissue)→ जीवों का तंत्रिका तंत्र इन्हीं ऊतकों का बना होता है जिसे चेतना ऊतक भी कहते हैं। ये दो कोशिकाओं का बना होता है

(i) Neuron
(ii) Neuroglia

Note → (i) शरीर में लगभग 650 पेशियां होती हैं

(ii)शरीर में सबसे बड़ी पेषी कूल्हे की Glutius Maximus एवं शरीर की सबसे छोटी पेषी कान की Stapedius muscle होती है **जो** Stapes bone से जुड़ी होती है। जो शरीर की सबसे छोटी हड्डी है।

Study Fide
विस्तार
The Expansion

# परिसंचरण तंत्र(Circulation System)

- जंतु जगत में परिसंचरण तंत्र दो प्रकार का होता है।

1. Open Circulation System → ये तंत्र Orthropoda , Cocroach तथा Mollusca में पाया जाता है। इसमें हृदय द्वारा रक्त को रक्त वाहिकाओं में पंप किया जाता है। जो की रिक्त स्थानों में खुलती है।
2. Closed Circulation System → ये तंत्रAnnelida (Example: Earthworm = केचुआ ) तथा कषेरूकी में पाया जाता है जिसमें हृदय से रक्त का प्रवाह एक दूसरे से जुड़ी रक्त वाहिनीयों के जाल में होता है इस तरह का रक्त परिसंचरण तंत्र ज्यादा लाभदायक होता है क्योंकि इसमें रक्त प्रवाह आसानी से नियमित किया जा सकता है।

- सभी कषेरूकियों में कक्षों (Chambers) से बना हुआ पेषी हृदय होता है। मछलियों में दो कक्षीय हृदय होता है जिसमें एक आलिंद तथा एक निलय होता है।
- उभयचरों सरीसृपों (मगरमच्छ को छोड़कर) हृदय तीन कक्षों का होता है जिसमें दो आलिन्द (Atrium) तथा एक निलय (Ventricle) होता है
- मगरमच्छ, पक्षियों तथा स्तनधारियों का हृदय 4 कक्षों का होता है जिसमें दो आलिन्द तथा दो निलय होते हैं।

## मानव परिसंचरण तंत्र(Human Circulation System)

- **इसे** रक्तवाहिनी तंत्र भी कहते हैं जिसमें कक्षों से बना पेषी हृदय , बंद रक्तवाहिनियों का एक जाल, रक्त एवं तरल समाहित होता है।

**Heart (हृदय)** → Heart की उत्पत्ति मध्य जन स्तर (मीसोडर्म) से होती है तथा यह दोनों फेफड़ों के मध्य वक्ष गुहा में स्थित रहता है। यह थोड़ा सा बायी तरफ झुका रहता है तथा यह बन्द मुठ्ठी के आकार का होता है।

- यह एक दोहरी भित्ति के झिल्ली में हृदय आवरणी थैली सुरक्षित होता है। जिसमें हृदय आवरणी द्रव पाया जाता है।
- मानवहृदय में 4 कक्ष होत है जिसमें दो कक्ष अपेक्षाकृत छोटे तथा ऊपर की ओर पाए जाते है जिन्हें आलिंद (Atrium) कहते है तथा दो कक्ष अपेक्षाकृत बड़े होते है जिन्हें निलय (Ventricle) कहते है।
- एक पतली पेषीय भित्ति जिसे अन्तर आलिंदी पट कहते है दाएं एवं बाएं आलिंद को अलग करती है।

- जबकि एक मोटी भित्ति जिसे अन्तर निलय पट कहते है जो बाएं एवं दाएं निलय को अलग करती है।
- अपनी–अपनी ओर के आलिन्द एवं निलय एक मोटे रेषीय ऊतक जो आलिंद निलय पट या अन्तर आलिंद निलय पट द्वारा पृथक रहते है। हालांकि इन पटों में एक–एक छिद्र होता है जो एक ओर के दोनों कक्षों को जोड़ता है।
- दाहिने आलिन्द और दाहिने निलय के रन्ध्र तीन पेषीय झल्लों द्वारा अलग रहते है। जिन्हें हम **त्रि**वलनी पट (Tricuspid value) तथा बाएं आलिन्द और बाएं निलय के रन्ध्र पर पाए जाने वाले दो पेषीय झल्लों को द्विवलनी पट (Bicuspid Valve)कहा जाता है।




- निलयों की भित्ति, आलिन्दों की भित्ति से बहुत मोटी होती है।

- एक विषेष प्रकार की हृदय पेषीन्यास जिसे नोडल ऊतक कहते है। इस ऊतक का एक धब्बा दाहिने आलिन्द के दाहिनी ऊपरी ओर कोने में स्थित रहता है। जिसे कोटरालिंद गांठ कहते है। (षिरा आलिंद पर्व, SA node)
- इस ऊतक का दूसरा सिरा / पिण्ड दाहिने आलिन्द में नीचे की ओर स्थित रहता हैं जिसे आलिंदी–निलय गांठ कहते है।
- कोटरालिंद गांठ हृदय के सामान्य कार्य के लिए जिम्मेदार होती है तथा यह प्रति मिनिट 72 बार धडकती है।

## द्विसंचरण (Double Circulation)



- दाहिने निलय द्वारा पम्प किया गया रक्त पल्मोनरी धमनी में जाता है जो कि रक्त को फेफड़ों तक ले जाती हैं यहां पर $CO_2$ बाहर निकल जाती है तथा $O_2$रक्त में घुल जाती है इसके बाद रक्त पल्मोनरी षिरा (षुद्ध रक्त) से होते हुए बांयी आलिन्द तक पहुंचता है एवं यहां से बाएं निलय में चला जाता है। इसके बाद बायां निलय रक्त को महाधमनी में पम्प करता है जो कि रक्त को विभिन्न अंगों एवं ऊतकों तक ले जाती है।
- यहां पर अंगों द्वारा $CO_2$को रक्त में वापिस कर दिया जाता है तथा ये अषुद्ध रक्त महाषिरा से होते हुए दाएं आलिन्द में पहुंचता है। यह प्रक्रिया लगातार **चलती** रहती है।

## हृदय चक्र(Cardiac Cycle)

- एकहृदय स्पंदन के आरम्भ से दूसरे हृदय स्पंदन से आरम्भ होने के बीच के घटनाक्रम को हृदय चक्र कहा जाता है।
- एक हृदय चक्र में सामान्य समय 0.8 सेकेण्ड लगता है तथा एक हृदय चक्र में 70 ml रक्त पम्प होता है। तथा 1 मिनिट में 5 लीटर के लगभग रक्त पम्प होता है।
- **Stethoscope** →हृदयकी धड़कन को मापने वाले यंत्र को Stethoscope कहते है।

**अशुद्ध रक्त →$co_2$युक्त**

**शुद्ध रक्त → $o_2$युक्त**

- **रक्त दाब** →मानव का सामान्य रक्त दाब ($\frac{120\ mm\ mg}{80\ mm\ mg}$) होता है।

  मानव रक्त दाब को स्पेग्मोमेनोमीटर (Sphygmomanometer) नामक यंत्र सें मापा जाता है।

- Note →सभी मानव धमनियों में शुद्ध रक्ता बहता है। (अपवाद – पल्मोनरी धमनी में अषुद्ध)
- सभी मानव षिराओं में अषुद्ध रक्त बहता है। अपवाद – पल्मोनरी षिरा में शुद्ध रक्त रहता है।

Study Tide
विस्तार The Expansion

# उत्सर्जन तंत्र (Excretory System)

- जीवों के शरीर में उपापचयी प्रक्रमों में बने विषैले अवषिष्ट पदार्थों के निष्कासन को उत्सर्जन कहते है। मानव शरीर में यह 4 प्रकार से हो सकता है।

(i) वृक्क (Kidney)→इसके द्वारा यूरिया का उत्सर्जन होता है। उदा. स्तनधारी

(a) अमोनिया →इसके उत्सर्जन के लिए अत्यधिक पानी की जरूरत होती है।

उदा. मछली उभचर।

(b) Uric acid→इसके उत्सर्जन के लिए न के बराबर पानी की जरूरत होती है।

उदा. पक्षी, कीट, सरीसृप, घोघे (snail)

- Urea →यूरियो उत्सर्जी (जीव)
- Amonia →अमोनिया उत्सर्जी
- Uric acid →यूरिक अम्ल उत्सर्जी

(ii) Skin (त्वचा) →त्वचा में दो प्रकार की ग्रंथियां पायी जाती है।

(a) Sebaceous (तैलीय ग्रंथि) →इन ग्रंथियों से sebum (सीबम) का उत्सर्जन होता है।
(b) Sweat (स्वेद) →इससे पसीने का उत्सर्जन होता है।

(iii) Liver (यकृत) →यकृत शरीर के अनुपयोगी अमीनो अम्लों को यूरिया में परिवर्तित करके शरीर से बाहर निकालने में मदद करता है।

(iv) Lungs (फेफड़े) →यह शरीर स कार्बन डाई ऑक्साइड ($co_2$) एवं अनुपयोगी पदार्थों को वाष्ष के रूप में शरीर से बाहर निकालने में मदद करता है।

# मानव उत्सर्जी तंत्र (Human Excretory System)

- मनुष्यों में उत्सर्जी तंत्र एक जोड़ी वृक्क, एक जोड़ी मूत्रनलिका, एक मूत्राषय का बना होता है।
- वृक्क सेम के बीच की आकृति के गहरे भूरे लाल रंग के होते है।
- वयस्क मुनष्य के प्रत्येक वृक्क की लम्बाई 12-14cm चौडाई 7-8cm तथा मोटाई 3-4cm होती है।
- वृक्क के केन्द्रीय भाग की भीतरी अवतल सतह को Hylum (हायलम) कहते है। इससे होकर मूत्रनलिका, रक्तवाहिनीयां और तंत्रिकाएं प्रवेष करती है।
- वृक्क में दो भाग होते है–(i) बाहरी वल्कुट (Cortex)

  (ii) भीतरी मध्यांष (Medulla)




Study Tide
The Expansion

- मध्यांष कुछ शंकु आकार के पिरामिडों में बटा होता है जो कि चषकों में फैले रहते हैं।
- वल्कुट मध्यांष पिरामिड के बीच फैलकर वृक्क स्तंभ बनाते है। जिन्हें बरतीनी के स्तंभ कहते है।
- एक वृक्क में लगभग 10 (1 Million) लाख नेफ्रॉन होते है।

**<u>नेफ्रॉन(Nephron)</u>** →वृक्क की क्रियात्मक इकाई वृक्काणु (नेफ्रॉन) होती है।

वृक्काणु के दो भाग होते है–

(i) ग्लोमेरोलस(Glomerulus) / कोषिकागुच्छ

(ii) वृक्क नलिका

(i) कोषिका गुच्छ (Glomerulus) →कोषिका गुच्छ वृक्क की धमनी अभिवाही धमनिका एवं अपवाही धमनिका से बनी होती है।

(ii) वृक्क नलिका →वृक्क नलिका दोहरी झिल्ली युक्त बोमेन सम्पुट (Bowman Capsule) से प्रारंभ होती है। जिसके भीतर कोषिका गुच्छ होता है। गुच्छ और बोमेन सम्पुट मिलकर वृक्क कणिका (Malpighian Corpuscles) बनाते है।

- बोमेन सम्पुट से एक अति कुण्डलित समीपस्थ संचलित नलिका से प्रारंभ होती है। इसके बाद वृक्काणु में हेयरपिन के आकार का हेनले लूप पाया जाता है जिसमें आरोही व अवरोही भुजा होती है।
- आरोही भुजा से एक ओर अतिकुण्डलित नलिका (PCT), दूरस्थ संकलित नलिका (DCT) प्रारंभ होती है।
- अनेक वृक्काणुओं की दूरस्थ सम्मिलित नलिकाएं एक सीधी संग्रह नलिका में खुलती है। अनेक संग्रह नलिकाएं मिलकर चषकों के बीच स्थित मध्यांष पिरामिड से गुजरती हुई वृक्कीय श्रेणी में खुलती है।

## उत्सर्जन तंत्र के कुछ महत्वपूर्ण बिन्दु

- मानव में वृक्कों की संख्या 2 होती है।
- सामान्य वजन 120-170 gm होता है।
- Kidney stone (**पथरी** )-Calcius – oxalate के बने होते है।
- kidney में सूजन को Nephritis कहते है।
- Urine Composition – 95% Water

  2% Salt
  2.6% Urea
  0.2% Uric acid
  0.2%Others
- Urine का हल्का पीला रंग urochrome (यूरोक्रोम) के कारण होता है। (urochrome, Haemoglobin के विखण्डन से बनता है।)
- PH=6 (अम्लीय)
- जन्तु/जीव — उत्सर्जी अंग

| जन्तु/जीव | उत्सर्जी अंग |
|---|---|
| एककोषिकीय जीव | सामान्य विसरण द्वारा |
| एनीलिडा ( केंचुआ ) | नेफ्रीडिया (nepheridia) |
| **आर्थ्रोपोड़ा** (कॉकरोच) | Malpighian organ |
| चपटे कृमि (प्लेनेरिया) | ज्वाला सेल (Flame Cell) |

Study Tide
विस्तार The Expansion

# श्वसन तंत्र (Respiration System)

- वायुमण्डलीय ऑक्सीजन और कोषिकाओं में उत्पन्न $CO_2$ के आदान प्रदान (विनिमय) की प्रक्रिया को श्वसन कहते है।
- मानव श्वसन तंत्र →हमारे एक जोड़ी बाह्र नासा द्वार होते है जो होठों के ऊपर बाहर की तरफ खुलते है। ये नासामार्ग द्वारा नासा कक्ष तक पहुंचते है। नासाकक्ष ग्रसनी में खुलते है।
- ग्रसनी आहार और वायु दोनों के लिए उभयनिष्ठ मार्ग है ग्रसनी कंठ द्वारा श्वास नली में खुलती हैं। कंठ एक उपास्थिमय पेटिका है जो ध्वनि उत्पादन में सहायता करती है, इसलिए इसे ध्वनि पेटिका (Sound Box) भी कहा जाता है। भोजन निगलते समय घांटी एक पतली लोचदार उपस्थित पल्ले कंठच्छद (Epiglottis) से ढक जाती है जिससे आहार ग्रसनी से कंठ में प्रवेष न कर सके।
- श्वास नली एक सीधी नलिका है जो दांयी और बांयी दो प्राथमिक श्वसनियों में विभाजित हो जाती है।




- प्रत्येक श्वसनी कई बार विभाजित होते हुए द्वितीयक एवं तृतीयक स्तर की श्वसनी श्वसनिका और बहुत पतली अंतस्थ श्वसनिका में समाप्त होती है।
- प्रत्येक अंतस्थ श्वसनिका बहुत पतली अनियमित भित्ति युक्त वाहिकाएं थैली जैसी संरचना कूपिकायों में खुलती है जिसे वायु कूपिका कहते है।

- मानव शरीर के दोनों फेफड़ों एक द्विस्तरीय फुफ्फस वारणी झिल्ली(Pleural Membrane) से ढके रहते है और जिनके बीच फुफ्फस वारणी द्रव(Pleural Fluid) भरा रहता है यह फेफडे की सतह पर घर्षण कम करता है।
- श्वसन के दो भाग होते है–(i)चालन भाग (ii)श्वसन भाग/विनिमय
  - (i) चलन भाग →वाह्य नासारन्ध्र से अंतस्थ श्वसनिकाओं तक वायु का पहुँचना ।
  - (ii) श्वसन/विनिमय भाग →कूपिकाओं तथा उनकी नलिकाओं एवं रक्त के बीच ऑक्सीजन एंव $co_2$का आदान–प्रदान विनिमय भाग के अंतर्गत आता है।
- श्वसन में निम्नलिखित चरण सम्मिलित है–
  - (i) श्वसन या फुफ्फुस सम्वहन जिससे वायुमण्डलीय वायु अन्दर खींची जाती है और $CO_2$से भरपूर कूपिका वायु को बाहर मुक्त किया जाता है।
  - (ii) कूपिका झिल्ली के आर–पार गैसों ($O_2$ एवं $CO_2$) का विसरण
  - (iii) रूधिर (रक्त) द्वारा गैसों का परिवहन।
  - (iv) रूधिर और ऊतकों के बीच $O_2$ और $CO_2$का विसरण।
  - (v) अपचयी क्रियाओं के लिए कोषिकाओं द्वारा ऑक्सीजन का उपयोग और उसके फलस्वरूप $CO_2$का उत्पन्न होना।




Figure 2. Mechanism of breathing showing : (a) inspiration (b) expiration

- **<u>श्वसन संबंधी रोग</u>**

Study Tide

(i) अस्थमा (दमा) →अस्थमा में श्वसनी और श्वसनिकाओं की शोथ के कारण श्वसन के समय घरघराहट होती है। तथा श्वास लेने में कठिनाई होती है।

(ii) श्वसनी शोथ (Bronchitis) →यह श्वसनिकी शोथ या सूजन है जिसके विषेष लक्षण श्वसनी में सूजन तथा जलन होना होता है जिससे लगातार खांसी होती है।

(iii) Emphysema (वातस्फीति) → यह एक चिरकालिक (Chronic=Long Lasting) रोग है जिसमें कूपिका भित्ति या झिल्ली क्षतिग्रस्त हो जाती है जिससे गैस विनिमय सतह घट जाती है। लगातार धूम्रपान इसके होने का मुख्य कारण है।

(iv) तपैदिक /क्षयरोग (TB -Tuberculosis)→तपैदिक रोग Mycobacterium Tuberculae नामक जीवाणु से होती है एवं इस बीमारी में लम्बे समय तक (दो हफ्ते से ज्यादा) खांसी बनी रहती है।

(v) व्यवसायिक श्वसन रोग (Occupational Respiratory Diseases)→

a- Silicosis →पत्थर की खदानों में कार्य करने वाले लोगों को यह बीमारी Silica dust ($SiO_2$–Silicon DiOxide) के कारण होती है।

b- काला फुफ्फस रोग (Black lung disease) →यह बीमारी कोयले की खदानों में काम करने वाले लोगों को होती है तथा इस बीमारी में श्वास लेने में अत्यधिक परेषानी होती है।

c- फुफ्फस शोथ/प्रदाह (Pneumonia) →यह रोग अधिकतर दो साल से कम उम्र के बच्चों को होता है। यह रोग Diplococcus pneumonae नामक बैक्टीरिया से होता है।

Note →मानव शरीर के दोनों फेफड़ों में लगभग 30 करोड़ (300 million) कूपिकाएं होती है।

Study Tide
विस्तार The Expansion

# पाचन तंत्र (Digestive system)

- भोजन सभी सजीवों की मूलभूत आवष्यकताओं मे से एक है हमारे भोजन के मुख्य अवयव कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन एवं वसा है। अल्प मात्रा में विटामिन एवं खनिज लवणों की भी आवष्यकता होती हैं । भोजन से ऊर्जा एवं कई कच्चे कायिक पदार्थ प्राप्त होते है जो ऊतकों की वृद्धि एवं मरम्मत के लिए काम आते है। जो जल हम ग्रहण करते हैं वह उपापचयी प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है एवं शरीर के निर्जलीकारण को भी रोकता है।
- हमारा शरीर भोजन में उपलब्ध जैव रसायनों को उनके मूल रूप में उपयोग नहीं कर सकता अतः पाचन तंत्र में छोटे–छोटे अणुओं में विभाजित कर साधारण पदार्थो में परिवर्तित किया जाता है।
- जटिल पोषक पदार्थो को अवषोषण योग्य सरल रूप में परिवर्तित करने की इस क्रिया को पाचन (Digestion)कहते है।

मनुष्य का पाचन तंत्र आहारनाल एवं सहायक ग्रंथियों से मिलकर बना होता है–

(i) आहारनाल (Alimentary Canal- Avergae Length 9m) →आहारनाल अग्र भाग में मुख से प्रारंभ होकर पष्च भाग में स्थित गुदा द्वारा बाहर की ओर खुलती है।

(ii) मुख →मुख, मुखगुहा में खुलता है, मुखगुहा में कई दांत और एक पेषीय जिह्वा होती है।

(iii) दांत →दांत एक गर्तदन्ती व्यवस्था में होते है, मनुष्य सहित अधिकांष स्तनधारियों के जीवनकाल में दो तरह के दांत आते है–

(i) अस्थायी दांत समूह (दूध के दांत) $\frac{2102}{2102} = 20$ (दांत)

(ii) स्थायी दांत $\frac{2123}{2123} = 32$ (दांत)

- इस तरह की व्यवस्था को द्विबारदन्ती (diphyodont) कहते है।
- Enamel से बनी दांतो की चबाने वाली कठोर सतह भोजन को चबाने में मदद करती है।
- जीभ की ऊपरी सतह पर छोटे–छोटे उभार के रूप में Papilla होते है जिनमें कुछ पर स्वाद कलिकाएं होती है।
- मुखगुहा एक छोटी ग्रसनी में खुलती है जो वायु एंव भोजन दोनों का ही पथ है।
- उपास्थिमय मघाटी ढक्कन (Epiglottis) भोजन को निगलते समय श्वास नली में प्रवेष करने से रोकती है। ग्रसिका एक पतली नली है जो गर्दन एवं मध्य पट्ट से होते हुए पश्च भाग में J आकार की थैलीनुमा आमाषय (Stomach) में खुलती है।




